कृषि, आपदा प्रबंधन और जनसुनवाई प्रणाली में एआई का होगा उपयोग

अमर उजाला ब्यूरो

लखनऊ। दावोस में आयोजित विश्व आर्थिक मंच में अपनी औद्योगिक नीतियों को वैश्विक निवेशकों के सामने प्रभावशाली तरीके से रख कर उत्तर प्रदेश ने महत्वपूर्ण निवेश हासिल किए। विश्व आर्थिक मंच में प्रदेश सरकार ने उन्नत एआई का उपयोग कर आपदा प्रबंधन, कृषि उत्पादकता और सार्वजनिक सेवाओं को बढ़ाने के लिए एचसीएल सॉफ्टवेयर के साथ कई रणनीतिक सहयोगों की घोषणा की।

इस साझेदारी के तहत अत्याधुनिक डाटा समाधानों को लागू किया जाएगा। जनसुनवाई-समाधान शिकायत निवारण प्रणाली को आधुनिक बनाया जाएगा। नोएडा में एआई उत्कृष्टता केंद्र (एआई सेंटर आफ एक्सीलेंस) स्थापित किया जाएगा। यह सेंटर कृषि, स्वास्थ्य सेवा और शिक्षा में एआई-संचालित समाधान देगा। सरकारी अधिकारियों को विशेष प्रशिक्षण देगा।

एचसीएल से करार, विश्व आर्थिक मंच की बैठक में मुख्य सचिव ने बड़े समूहों के प्रमुखों से की मुलाकात

डब्ल्यूईएफ इंडिया पैवेलियन में मुख्य सचिव मनोज कुमार सिंह ने पेप्सिको के कार्यकारी उपाध्यक्ष स्टीफन केहो के साथ उत्तर प्रदेश में पेप्सिको की व्यावसायिक विस्तार योजनाओं पर चर्चा की। मुख्यमंत्री के सचिव अमित सिंह ने इन्वेस्ट यूपी के अपर कार्यकारी अधिकारी प्रथमेश कुमार और यूपीनेडा के निदेशक अनुपम शुक्ला के साथ महिंद्रा लास्ट माइल मोबिलिटी लिमिटेड की सीईओ सुमन मिश्रा से मुलाकात की। उन्होंने उत्तर प्रदेश में महिंद्रा ईवी की उपस्थिति को मजबूत करने के लिए निवेश के अवसरों और एक मजबूत ईवी चार्जिंग इंफ्रास्ट्रक्चर विकसित करने की पहल पर चर्चा की।

केंद्रीय आईटी और इलेक्ट्रॉनिक्स, रेलवे और सूचना प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव और पूर्व केंद्रीय महिला एवं बाल विकास मंत्री स्मृति ईरानी से भी अमित सिंह ने मुलाकात की। यूपी सरकार के प्रतिनिधिमंडल ने डसॉल्ट सिस्टम्स की कार्यकारी अध्यक्ष फ्लोरेंस वर्जेलन से मुलाकात की और डिफेंस कॉरिडोर और जेवर हवाई अड्डे के साथ यूपी में अपने व्यापार विस्तार की योजनाओं पर चर्चा की।

इसके अलावा, प्रतिनिधिमंडल ने उत्तर प्रदेश में सोलर पावर पार्क स्थापित करने के लिए एस्सार समूह के सीईओ प्रशांत रुइया, एयर इंडिया के एमडी कैंपबेल विल्सन से मिलकर जेवर अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे पर एविएशन हब स्थापित करने पर चर्चा की। अमित सिंह ने उत्तर प्रदेश में एक विनिर्माण इकाई स्थापित करने के लिए अपैरल ग्रुप इंडिया के सीईओ अभिषेक बाजपेयी से मुलाकात की।